वर्चुअल मीटिंग | नगर आयुक्त ने नगर में बने सभी जनसेवा केन्द्र के लोगों को निर्देशित किया

# दिव्यांगों का वैक्सीनेशन के लिए पंजीकरण कराएं

अमृत विचार, शाहजहांपुर

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के द्वारा मंगलवार को जूम के माध्यम से जन सुविधा केन्द्र के लोगों के साथ वर्चुअल मीटिंग की गई। वर्चुअल मीटिंग में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए नगर में बने सभी जनसेवा केन्द्र के लोगों को निर्देशित किया गया। जन सुविधा केंद्र के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों, श्रमिकों व नगरवासियों के कोविड-19 की वैक्सीनेशन के ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए जन सुविधा केन्द्रों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जाए।



जूम के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग करते नगर आयुक्त संतोष कुमार ● अमृत विचार

वर्चुअल मीटिंग में डॉ. गुंजन द्वारा अपने मोबाइल से पंजीकरण कराने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। जिसके लिए मोबाइल पर एक ओटीपी आता है। रजिस्ट्रेशन के लिए अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर, लिंग व आईडी- जिसमें आधार कार्ड/पैन कार्ड/इत्यादि की डिटल देनी होती है। वर्चुअल मीटिंग में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विशाल कुमार, डॉ. गुंजन, डॉ. लक्ष्मण, डॉ. हुदा जेहरा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सैफ सिद्दकी उपस्थित रहे।